# डीएम ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर पुनर्निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**मॉनिटरिंग**

8 शासन प्रशासन की ओर से पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने के बाद कडाके की ठंड के बावजूद मास्टर प्लान के तहत पुनर्निर्माण कार्य तेजी से जारी है। शासन प्रशासन की ओर से पुनर्निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।
जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को बदरीनाथ धाम पहुंचकर मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए समय पर सभी कार्य पूर्ण किए जाए। रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमिनिटी सेंटर एवं मंदिर सौंदर्यीकरण कार्यों शीघ्र पूरा करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने अराइवल प्लाजा, टीआईसीसी, आईएसबीटी एवं हॉस्पिटल एक्सटेंशन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया और कार्यदायी संस्थाओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए।



बदरीनाथ धाम में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड में भी श्रमिक बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत संचालित पुनर्निर्माण कार्यो में तत्परता से जुटे हैं। हालांकि शीतकाल के लिए यात्रा बंद होने के बाद से निर्माण कार्यों को करने में अधिक सुविधा हो रही है। कार्यदायी संस्थाएं इस समय तेजी से निर्माण कार्यों को पूरा करने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के अन्तर्गत तीन चरणों में बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है, जिसमें पहले चरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे में बदरीनाथ मुख्य मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। मास्टर प्लान के तीसरे चरण में मंदिर से शेष नेत्र झील को जोड़ने वाले आस्था पथ का निर्माण कार्य किया जाएगा।
निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी, पीआईयू के अधीक्षण अभियंता विपुल सैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, योगेश मनराल, जीतेंद्र कुमार, कनिष्ठ अभियंता संतोष पंत, अमीन रावत, तहसीलदार रवि शाह, ईओ सुनील पुरोहित आदि मौजूद थे।

# 17 दिनों तक टनल में फंसे पुष्कर घर पहुंचे, लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**चंपावत (टनकपुर)/टीम एक्शन इंडिया** 12 नवंबर को उत्तरकाशी मेंटट निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों में शामिल जनपद चम्पावत के टनकपुर क्षेत्र के ग्राम छीनीगोठ निवासी पुष्कर सिंह ऐरी अपने घर पहुंच गए हैं। टनकपुर पहुंचने पर उनका लोगों ने जोरदार स्वागत किया।
शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे पुष्कर टनकपुर पहुंचे। पीलीभीत चुंगी पर स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही जबरदस्त आतिशबाजी करते हुए पुष्कर की सकुशल घर वापसी पर खुशी जताई। इसके अलावा पुष्कर के घर पहुंचने पर ग्राम छीनीगोठ के निवासियों ने भी पुष्कर के घर वापसी पर खुशी जताई और उनका स्वागत किया। अपने पुत्र के सकुशल घर आने पर पुष्कर के माता पिता काफी भावुक दिखे



और उनकी आंखे नम हो गईं। इस मौके पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के कर्मचारी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, भाजपा जिला महामंत्री पूरन महरा, एबीवीपी के पूर्व प्रदेश सह मंत्री नितिन मंगला, निवर्तमान छात्र संघ अध्यक्ष टनकपुर राजेंद्र सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कुमुद जोशी, शक्तिमान यूनियन अध्यक्ष अमन ठाकुर, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष मदन कुमार, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष टनकपुर दीपक पचौली, सौरभ पाण्डेय , ग्राम प्रधान पूजा जोशी व अनेकों स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### टूरिस्ट पैलेस में ठहरे युवकों से रिजॉर्ट के मालिक से हुई मारपीट

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
लक्ष्मण झूला थाना अंतर्गत एक टूरिस्ट पैलेस में शुक्रवार की रात को श्यामपुर ऋषिकेश के ठहरे कुछ निवासियों के बीच मालिक और होटल कर्मचारियों से हुई मारपीट के बाद मामला थाने पहुंच गया है।
थाना प्रभारी रवि सैनी ने बताया कि मामला शुक्रवार की देर रात का है। श्यामपुर के कुछ युवक टूरिस्ट पैलेस में ठहरे थे,जहां गेस्ट हाउस के मालिक कर्मचारियों और युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई और उस बीच मारपीट हो गई, मामला थाने में आ गया है। जहां कुछ लोगों ने तहरीर दी है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

### प्रो. सुनीता बनी शिक्षा संकाय के तीन परिसरों की विभागाध्यक्ष

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल में शिक्षा संकाय में कार्यरत प्रो. सुनीता गोदियाल गढ़वाल विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों की शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष नियुक्ति हुई हैं। प्रो सुनीता का यह कार्यकाल आगामी तीन वर्ष का होगा। स्टाफ ने अहम जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।
प्रो. सुनीता गोदियाल ने वर्ष 1988 में टिहरी परिसर में अंशकालिक फैकल्टी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। सन 1990 में स्वामी रामतीर्थ परिसर टिहरी में ही शिक्षा विभाग में स्थायी शिक्षक के रूप में नियुक्ति हुई। प्रो. गोदियाल ने पिछले अपने 33 वर्षों के शिक्षण कार्य में 17 छात्र-छात्राओं को शोध कार्य करवायें तथा 100 से अधिक शोधपत्र राष्ट्रीय और अंन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं कायार्शालाओं में प्रस्तुत किये। 5 पुस्तकों के प्रकाशन के साथ-साथ देश के दो दर्जन विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने व्याख्यान दिये हैं।
प्रो. गोदियाल ने शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करते हुये अपनी प्राथमिकताओं में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में चार वर्षीय बीएड कोर्स (इंटीग्रेटेड बीएड) आरम्भ करने, विवि के सभी परिसरों में एमएड संचालन करने तथा शोध कार्यों को बढ़ावा देने पर विशेष कार्य करने पर फोकस करने की बात कही।
कार्यभार ग्रहण करने पर परिसर के निदेशक प्रो एए बौड़ाई, पूर्व निदेशक प्रो. डीएस कैन्तुरा, प्रो. आरसी रमोला, प्रो. जेडीएस नेगी, प्रो. गीताली पडियार, प्रो. विना जोशी, डा. केसी पेटवाल, डा. पृत्रेश भट्ट, डा अनूप सेमवाल, डा. यूएसनेगी, डा. एचएस बिष्ट ने प्रो गोदियाल के गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष बनने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गीतांजलि सैलून ने देहरादून में अपना नया सैलून लांच किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के अग्रणी हाई-स्ट्रीट ब्रांड, गीतांजलि सैलून ने उत्कृष्ट इंटीरियर के साथ राजपुर रोड देहरादून में अपना नया सैलून लांच किया है। गीतांजलि सैलून के पूरे भारत में 160 सैलून की श्रृंखला है। यह आपके बालों और सौंदर्य संबंधी सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन होगा। गीतांजलि सैलून के प्रबंध निदेशक और सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट, सुमित इसरानी को विविध ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर परिष्कृत प्रतिष्ठानों के साथ ब्रांड के प्रति उनकी दृढ़ता के लिए प्रशंसा की जाती है और सेलिब्रिटी द्वारा पसंद किया जाता है। गीतरंजलि सैलून के प्रबंध निदेशक सुमित इसरानी ने कहा कि गीतांजलि सैलून पेशेवर हेयर केयर और सौंदर्य क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। पिछले तीन दशक से हम असाधारण सेवाएं प्रदान करने वाले भारत के सर्वश्रेष्ठ हाई स्ट्रीट सैलून के रूप में अपनी पहचान बनाना जारी रखे हुए हैं। हम अपने ग्राहकों के लिए अनुकूलन और वैयक्तिकरण में विश्वास करते हैं, और उन्हें सर्वोत्तम श्रेणी की सेवाएँ और उत्पाद प्रदान करते हैं।

## झलक दिखला जा में संगीता फोगाट ने संगू भाई के रूप में अपने अवतार से सभी को चौंका दिया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एक ब्लॉकबस्टर वीकेंड के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो, झलक दिखला जा, सीजन के अपने पहले मेहमान का स्वागत करेगा।
पुरानी यादों को ताजा करते हुए, शो बोनी कपूर स्पेशल एपिसोड में प्रख्यात फिल्ममेकर और निमार्ता बोनी कपूर की सिनेमाई विरासत को याद करेगा। बोनी कपूर की प्रतिष्ठित फिल्मों के कुछ चार्ट-टॉपिंग गानों की धुन पर शानदार परफॉर्मेंस के साथ डांस फ्लोर चमक उठेगा। एक कालखंड को परिभाषित करने वाली कालजयी धुनों से लेकर आज भी प्लेलिस्ट पर राज करने वाले फुट-टैपिंग गानों तक, प्रतियोगी सभी को बोनी कपूर के 43 वर्षों से अधिक समय के शानदार करियर के मंत्रमुग्ध करने वाले सफर पर ले जाएंगे।
स्पोर्ट्स एरेना में अजेय बल, रेसलर संगीता फोगाट अब झलक दिखला जा के मंच पर सप्ताह दर सप्ताह मनोरंजन का स्तर बढ़ा रही हैं, जहां वह अपने शानदार नए अवतारों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं।
बहुमुखी प्रतिभा की धनी संगीता कोरियोग्राफर भरत घरे के साथ मेरा ही जलवा गाने पर परफॉर्म करते हुए, अब संगू भाई का अनोखा रूप धारण करेंगी। संगीता की बहुमुखी प्रतिभा से मंत्रमुग्ध होकर जज फराह खान ने कहा कि संगीता और भरत, मुझे यकीन नहीं हो रहा है कि यह वही लड़की है जिसने पिछले हफ्ते हवा हवाई पर परफॉर्म किया था।

## गब्बर सिंह नेगी हमारे गौरव हैं: विधानसभा अध्यक्ष

**देहरादून/कोटद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी की सिलक्यारा टनल में फंसे उत्तराखंड कोटद्वार के गब्बर सिंह नेगी के अपने घर कोटद्वार पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि गब्बर सिंह ने कोटद्वार सहित पूरे उत्तराखंड का नाम रोशन किया। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।
इस दौरान उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक ऋतु खंडूडी भूषण ने कोटद्वार के लालपानी के बिशनपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उनका स्वागत सम्मान कर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें



मिष्ठान खिलाया।
विधानसभा अध्यक्ष ने उनके जज्बे और साहस की सराहना की। साथ ही उन्होंने गब्बर सिंह की धर्मपत्नी यशोदा देवी को माला पहना कर उनके धैर्य और उनके विश्वास की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी के सिल्क्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूर 17 दिनों तक संघर्ष करते रहे। पल-पल निराशा और आशा के बीच जूझते हुए उनका जो वक्त वहां गुजरा शायद वो उसे कभी भुला न पाएं। इस सबके बीच ये सभी मजदूर गब्बर सिंह नेगी की जिंदादिली के भी ताउम्र के लिए कायल हो गए। गब्बर सिंह उन 41 श्रमिकों में शामिल थे, जो अंदर 17 दिनों तक फंसे रहे। उन्होंने कहा कि वो नेगी ही थे, जिन्होंने मुश्किल की उन घड़ियों में जिंदगी जीने की उम्मीद इनके दिलों में जलाए रखी। यही वजह है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी कोटद्वार के पहाड़ के गब्बर के लिए कहना पड़ा, ह्लदेखो गब्बर सिंह, मैं तुम्हें तो विशेष रूप से बधाई देता हूँ, क्योंकि मुझे डेली रिपोर्ट हमारे मुख्यमंत्री जी बताते थे कि आप दोनों ने जो लीडरशिप दी और जो टीम स्प्रिट दिखाई मुझे तो लगता है कि शायद किसी यूनिवर्सिटी को एक केस स्टडी तैयार करनी पड़ेगी।उन्होंने चिंता जताई कि सुरंग में कार्य करने वाली कंपनियों को इस घटनाक्रम से सबक लेने की जरूरत है और श्रमिकों की सुरक्षा के लिए ओर बेहतर कार्य करने चाहिए।

## बाइक सवार युवक पर किया हमला, घायल

**हमलावर फरार**

8 जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर एकत्रित हो गए, किन्तु तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कुछ युवकों ने बाइक सवार युवक पर अचानक हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक कोतवाली पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया है।
नफीस पुत्र लियाकत निवासी



भंगेड़ी बाइक से रुड़की की ओर आ रहा था। इसी दौरान गांव में सड़क किनारे बैठे कुछ युवकों ने उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में नफीस गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर एकत्रित हो गए, किन्तु तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। परिजन घायल नफीस को लेकर सिविल लायंस कोतवाली पहुंचे, जहां परिजनों ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चोरी की बाइक के साथ जनपद की भगवानपुर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। भगवानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी बाबूराम पुत्र बलवन्त सिंह ने 29 नवम्बर को ई एफआईआर के माध्यम से अपनी बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपित की तलाश में घटनास्थल के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिकरौडा पुल से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

## उत्तराखंड की लोककलाओं को जीवन्त रखने का सार्थक प्रयास है उत्तराखंड लोक विरासत 2023




**देहरादून/जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम अस्पताल के निदेशक/राज्य के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के.पी. जोशी ने राज्य के संकटग्रस्त हस्तशिल्प, लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और उत्तराखंड के लोक कलाकारों के सम्मान के लिए आयोजित किए जाने वाला उत्तराखंड लोक विरासत कार्यक्रम तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है।
इस वर्ष यह कार्यक्रम 2 और 3 दिसंबर को देहरादून में आयोजित हो रहा है। डॉ. जोशी ने बिना किसी राजकीय सहायता के उत्तराखंड की विलुप्त होती अनमोल विरासतों को बचाने के सार्थक प्रयासों से प्रेरित होकर गढ़रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी और पद्मश्री डॉ. प्रीतम भरतवाण जैसी हस्तियां निस्वार्थ रूप से न केवल अपनी प्रस्तुतियां देंगे बल्कि आयोजन मंडल में भी सक्रिय भूमिका में मौजूद रहकर डॉ. जोशी के सार्थक प्रयासों को संबल प्रदान करेंगे।
डॉ. नंदकिशोर हटवाल के निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय उत्तराखंड लोक विरासत 2023 के कार्यक्रमों में कुमाऊं का छोलिया, गंगनाथ के जागर, राजुला-मालूशाही, न्योली, चांचडी, गढ़वाल से श्री बद्रीनाथ के जागर, खुदेड़ गीत, पौंणा निर्त्य, बगडवाल, पांडव व मुखौटा नृत्य के अलावा वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति भी होगी।
उत्तराखंड लोक विरासत 2023कार्यक्रम के दोनों दिवस लारा-लत्ता-गेंणा पत्ता के तहत धारचूला" कुमाऊं, रंग्पा चमोली, चौंदकोट सलाण, गढ़वाल, जौनसार व टकनौर घाटी उत्तरकाशी के वस्त्र आभूषणों का प्रदर्शन व परिचय भी होगा। उत्तराखंड लोक विरासत ट्रस्ट के अध्यक्ष/निदेशक चारधाम अस्पताल डॉ. केपी जोशी के अनुसार उत्तराखंड लोक विरासत के माध्यम से एक प्रयास शुरू किया है। उन्हें उम्मीद है इससे राज्य की छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलेगा।

## दुधाधारी से भगत सिंह चौक तक हो पॉड टैक्सी का परिवर्तित रूट

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में व्यापारीं हरिद्वार विधायक मदन कौशिक से मिले।
सुनील सेठी ने हरिद्वार विधायक को अवगत करवाते हुए बताया कि पॉड कार के अनैतिक रूट पर व्यापारियों, गंगा सभा ने आपत्ति जताई थी, जिस पर विरोध को देखते हुए सरकार ने कमेटी गठित कर जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया था।
परन्तु बिना किसी व्यापारी की राय एवं भौगोलिक परिस्थिति का



आंकलन किए बिना पुनः 1 माह बाद पॉड कार परियोजना अधिकारी कुंभ पेशवाई, धार्मिक आयोजन, भूमिगत कार्यों वाले रूट पर डीपीआर प्रस्तुत कर सरकार एवं जिलाधिकारी को गुमराह कर अनैतिक रूट थोपना चाहते हैं। जबकि शुरूवात से ही दुधाधारी से भगत सिंह चौक तक के रूट पर भौगोलिक परिस्थिति भूमिगत कार्यों को देखते हुए विरोध जताया गया, लेकिन पॉड कार परियोजना के अधिकारी जबरन उसी रूट व्यस्ततम इलाकों में प्रस्तावित स्टेशन पर तैयार डीपीआर प्रस्तुत कर फिर व्यापारियों को भ्रमित कर सरकारों को गुमराह कर रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है।
उन्होंने कहाकि हरिद्वार के सभी व्यापार मंडल, व्यापारी, गंगा सभा इस रूट के खिलाफ है। अगर अग्रिम बैठक में रूट परिवर्तित कर व्यापारियों को राहत नहीं दी गई तो पॉड कार परियोजना अधिकारियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध जताया जाएगा।

# इस बार भव्य होगा बंड विकास मेला: अतुल शाह

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पीपलकोटी के एसडी मैदान में आयोजित होने वाला बंड विकास मेला इस वर्ष 20 दिसम्बर से आयोजित होगा जो सात दिनों तक चलेगा। मेले की तैयारियों को लेकर शनिवार को एक बैठक की गई।
इसमें नई अध्यक्ष का चुनाव किया गया। अतुल शाह को इस बार मेला समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बंड मेले को और अधिक भव्य बनाने को लेकर बेहतर ढंग से तैयारी किये जाने की बात कही। मेले को और अधिक भव्य बनाने के लिए बैठक में मेले के संचालन के लिए कमेटियों का गठन भी किया गया।



मेला समिति के अध्यक्ष ने कहा कि मेले ने बेहद अल्प समय में पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनायी है। सीमित संसाधनो के बावजूद बंड मेला अपने उद्देश्यों को पूरा करता हुआ नजर आता है।
बंड मेले में क्षेत्र के विकास, युवाओं को मंच देने से लेकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाती है। मेले में किसानों, पशु पालक, क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के निराकरण की हरसंभव कोशिश की जाती है। उन्होंने बताया कि मेले को सफल संचालन के लिए वरिष्ठजनों मातृशक्ति युवाओं के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मेले को और अधिक भव्यता देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।
बैठक में बंड विकास संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष शम्भू प्रसाद सती, महामंत्री हरि दर्शन रावत, पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राणा, विजय प्रसाद मलासी, देवेंद्र सिंह नेगी, अयोध्या प्रसाद हटवाल, हरिबोधनी खत्री, अजय भंडारी आदि मौजूद थे।

## पिल्ला गैंग का सदस्य काली गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
अवधूत मंडल गोलीकांड में लगातार फरार चल रहे मुख्य आरोपित विशू उर्फ काली को ज्वालापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पहले भी कई बार जेल जा चुका है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।
ज्वालापुर पुलिस के मुताबिक बीते 19 अक्टूबर को टिहरी विस्थापित कॉलोनी निवासी हर्ष चौधरी पुत्र पुत्र सुनील कुमार कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर दर्ज कराते बताया कि विशु चौहान व उसके साथियों ने उस पर देशी तमंचे से फायर कर जान से मारने की कोशिश की।
तहरीर के आधार पर पुलिस ने



आरोपित व उसके साथियों पर धारा 147 148 149 307 34 के तहत मुकदमा कर लिया था। जिसके बाद पुलिस लगातार आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। मामले की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक देवेंद्र तोमर व उनकी टीम ने मुख्य आरोपित विशू चौहान उर्फ काली पुत्र सतीश निवासी नूरपुर पंजनहेड़ी थाना कनखल जनपद हरिद्वार को देशी तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ पंजनहेड़ी अड्डे से गिरफ्तार कर लिया।

# विकासखंड स्तरीय तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का स्टेडियम में हुआ आगाज

**शुभारंभ**

**8 ब्लाक प्रमुख ने दीप प्रज्वलित करते हुये मां सरस्वती के चित्र का अनावरण कर शुभारंभ किया**

**उत्तरकाशी**
युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय खेल महाकुंभ का मनेरा में आगाज हो गया है।
शनिवार को कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख भटवाड़ी विनीता रावत ने दीप प्रज्वलित करते हुये मां सरस्वती के चित्र का अनावरण कर शुभारंभ किया ' इस मौके पर मुख्य अतिथि व उनके साथ आये विशिष्ट अतिथियों को बैच अलंकरण व



शॉल भेंट किये गये।
प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागियों से ब्लाक प्रमुख श्रीमती रावत ने कहा कि खेल भावना से जहां शारीरिक और मानसिक स्थिति का विकास होता है वहीं खेल हमें अनुशासित होना भी सीखता है । ब्लाक स्तर से जनपद तथा प्रदेश व देश का नाम रोशन करें यही मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं ' खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों के अन्दर छिपी प्रतिभा भी उजागर होती ' अतः खेल भावना से खेलों को अपने जीवन मे आत्मसात करें '
गौरतलब है कि विकासखंड स्तरीय खेल महाकुंभ में भटवाड़ी विकास खण्ड के विभिन्न स्कूल से अण्डर -14 के बालक व बालिका वर्ग के प्रतिभागियों द्वारा खो-खो, बॉलीबाल, दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, ऊंची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया जा रहा है'
तीन दिवसीय खेल महाकुंभ के प्रथम दिन प्रतिभागियों द्वारा पूरे जोश व जुनून के साथ दमखम दिखाया गया 'वहीं 60 मीटर बालक वर्ग दौड़ में प्रथम शोभित रमोला, द्वितीय केशव राणा व तीसरे स्थान पर अरमान रहे। बालिका वर्ग में प्रथम अयान रावत, द्वितीय दीया नेगी, तृतीय समीक्षा राणा रही। 600 मीटर बालक वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान पर विनय, द्वितीय दिव्यांशु, तृतीय सुमित रहे। बालिका वर्ग में प्रथम आभा, द्वितीय समीक्षा व तृतीय स्थान पर कोमल रही ' गोला फेंक में बालिका वर्ग में प्रथम शिवानी, द्वितीय मानसी, तृतीय अनुष्का रही ' वहीं बालीबॉल बालक वर्ग में प्रथम मसीह दिलासा स्कूल व द्वितीय केन्द्रीय विद्यालय मनेरा रहा 'इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रवेश चंद पैन्यूली , कनिष्ठ प्रमुख भटवाडी मनोज पंवार, प्रधान संगठन अध्यक्ष श्यालिक राम भट्ट, ग्राम प्रधान औंगी श्रीमती पार्वती रमोला, ग्राम प्रधान बौंगाडी विरेंद्र गुसांई, महिला मंगल दल अध्यक्ष अनिता देवी, उपाध्यक्ष रेखा देवी, सचिव सुलोचना देवी, युवा कल्याण विभाग से महादेव गुसांई, राकेश मिश्रा, अनुराग रावत सहित खेल प्रशिक्षक व विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# टीएचडीसी ने बांध प्रभावित विद्यालयों को उपलब्ध कराया फर्नीचर

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
टिहरी बांध से प्रभावित बांध के निकट के ग्राम पिपोला खास में टीएचडीसी ने सीएसआर मद से दो विद्यालयों में छात्रों के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया है। ग्रामीणों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने टीएचडीसी के अधिकारियों का आभार जताया है।
विकास खंड जाखणीधार का ग्राम पिपोलाखास जो कि टिहरी बांध से गम्भीर रूप से प्रभावित और आशिंक डूब क्षेत्र का ग्राम है। विगत दिनों इस ग्राम के एक प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता शान्ति प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी से मिलकर बांध प्रभावितों की समस्या के समाधान पर वार्ता कर ग्राम पिपोलाखास के राजकीय प्राथमिक विद्यालय पिपोला और राजकीय जूनियर हाईस्कूल पिपोला में बच्चों के बैठने और पठन-पाठन के लिए फर्नीचर की मांग की थी। इसके साथ




ही सोलर लाइट भी जनहित में उपलब्ध कराने की मांग की।
इस पर टीएचडीसी ने दोनों मांगो को जनहित में स्वीकार करते हुए दोनों विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध करवा दिया है। सोलर लाईट भी शीघ्र उपलब्ध करवाई दी जायेगी।
विद्यालयों में अच्छा फर्नीचर पाकर छात्रों के के चेहरों पर खुशी नजर आई। विद्यालय परिवार सहित ग्रामीणों ने टीएचडीसी की इस पहल की सराहना करते हुए टीएचडीसी के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी एवं सेवा टीएचडीसी के समाजिक अधिकारी केएस पंवार का धन्यवाद दिया है।
धन्यवाद ज्ञापित करने वालों में ग्राम पिपोला के पूर्व सदस्य क्षेत्र पंचायत व अधिवक्ता शान्ति प्रसाद भट्ट,ग्राम प्रधान कविता भट्ट, पूर्व प्रधान कुशलानंद भट्ट , पूर्व प्रधान विनोद चमोली, पूर्व प्रधान रोशनी देवी, वार्ड सदस्य कला देवी, बबिता देवी, विमला देवी, रीना देवी, घनश्याम उनियाल, जगवीर सिंह, पपेंद्र प्रसाद भट्ट आदि शामिल रहे।

# दिव्यागों को मतदान के लिए जागरूक किया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
समाज कल्याण विभाग और जिला प्रशासन ने दिव्यांग मतदाता जागरुकता अभियान, स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान के लिए जनपद स्तर पर दिव्यांगजनों हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया।
कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणी के 35 दिव्यांगों सहित लगभग 100 से अधिक जनसमूह द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्वाचन कार्यालय, हरिद्वार के अधिकारी, कार्मिकों द्वारा दिव्यांगजनों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन, मतदान का प्रयोग किये जाने के लिए दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दी गयी।



जागरूकता कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के क्रम में शत-प्रतिशत मतदान के लिए उपस्थित दिव्यागंजनों एवं अन्य जन समूह को मतदान के लिए प्रेरित, जागरुक किया गया, साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित वेदप्रकाश, जिला विकास अधिकारी ने मतदान के लिए उपस्थित सभी सदस्यों को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र हरिद्वार, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था अभिप्रेरणा फाउण्डेशन से दीपंश प्रसाद, हैप्पी फैमली हेल्थ केयर, रुड़की से डा. राजीव कुमार, स्वीप आइकान रमेश भटेजा व वैशाली शर्मा एवं जनपद के दिव्यांग मतदाता आइकन मनोज कुमार, स्वीप जिला समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी आशुतोष भण्डारी, स्वीप प्रभारी हरिद्वार, अम्बरीश चौहान, अरूणेश पैन्यूली सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, स्वीप प्रकोष्ठ व अन्य सदस्य, समाज कल्याण विभाग से नोडल अधिकारी दिव्यांग मतदाताध्जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा, प्रभारी अधिकारी दिव्यांग मतदाता, सिद्धार्थ सहित समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पुलिस के डर से वाहन समेत शराब की पेटी छोड़ भागा तस्कर

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बीती देर रात्रि पुलिस को देख तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए वाहन और शराब की दस पेटियों को छोड़ भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
पुलिस ने गोपेश्वर-चोपता मोटर मार्ग पर चेकिंग अभियान के दौरान चोपता से मंडल की ओर स्विफट डिजायर कार संख्या यूके07 जेड 4531 रोका तो चालक वाहन को छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें से 10 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

# शहरी विकास मंत्री ने किया स्मार्ट सिटी कार्यों का निरीक्षण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत अपने विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्मार्ट सिटी के कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए।
शनिवार को मंत्री डॉक्टर अग्रवाल ने आराघर चौक तिराहा पर दिसम्बर माह के 08 व 09 दिसम्बर को होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का जायजा लिया।
मंत्री ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत हवाई



पट्टी से लेकर भनियावाला, डोईवाला सहित कुल 15 सड़कों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत फसाड़ योजना, दीवारों पर पेंटिंग, बोर्ड तथा डिवाइडर सौंदर्य करण का कार्य गतिमान है। यह समस्त कार्य 78 करोड़ रुपये से मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से किया जा रहा है।
मंत्री ने मौके पर मौजूद प्राधिकरण के अधिकारियों और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाई के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं।
इस मौके पर सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया, मुख्य उद्यान अधिकारी एआर जोशी, अधिशासी अभियंता प्रवीण कुश, जगमोहन सिंह, जनसंपर्क अधिकारी स्मार्ट सिटी प्रेरणा ध्यानी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कांग्रेस ने नगर निगम के कार्यकाल को निष्फल करार दिया

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस नेता ललित मोहन मिश्र ने नगर निगम ऋषिकेश के पांच साल के कार्यकाल को निष्फल करार दिया।
उन्होंने कहा कि निगम के उपलब्ध साधनों का सही ढंग से उपयोग नहीं किया गया। टीएचडीसी ने गत वर्ष एक ट्रैक्टर निगम को दिया गया था, जिसका निगम के रेजिस्ट्रेशन के ही डेढ़ वर्ष बाद अब कार्यकाल खत्म होने पर करवाया गया। त्रिवेणी घाट पर वर्षा काल के दौरान आई रेत ही आज तक हटवाई नहीं गई जबकि वहीं पार्किंग में गाड़ियों से पैसा निगम ही वसूला जा रहा है।
उन्होंने कहा कि गोविंद नगर स्थित कूड़े के ढ़ेर जो कि टीले के रूप में था। आज पहाड़ का रूप ले चुका है, जिससे आसपास रहने वाले नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। इसकी वजह से ही बरसात के सीजन में डेंगू जैसी बीमारियां ने नगर में जीना मुहाल कर दिया। जगह जगह पानी का भराव होता रहा है।
उन्होंने यह भी कहा कि पांच वर्षों में नगर में कोई भी पार्किंग नहीं बनी। बहुउद्देशीय बिल्डिंग का निर्माण आज तक आरंभ नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश की जनता ने डबल-ट्रिपल इंजन सरकार के लुभावने वादों के झांसे में आकर वोट दिया अब जनता अपने को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

### बैंक खाताधारकों के 13 लाख रुपये गबन कर भागा आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बैंक में जमा करने के नाम पर खाता धारकों के करीब 13 लाख रुपये गबन करने के आरोप में लंबे वक्त से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित बैंक में दैनिक वेतनभोगी है। गबन सम्बन्धित धाराओं में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक 1 अगस्त 2022 ज्वालापुर क सराय स्थित बैंक आफ इंडिया में दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत आरोपित अर्जुन सिंह पुत्र मायाराम निवासी जगथान चकराता देहरादून ने शाखा के 34 खाता धारकों से खातों में धनराशि जमा करने के नाम पर कुल 12 लाख 86 हजार रुपए लिए, लेकिन उक्त रकम को बैंक में जमा नहीं किया। यही नहीं खाताधारकों को यकीन रहे इसलिए आरोपित ने सभी खाताधारकों को बैंक की फर्जी रसीद थमा दी।

# जेपी नड्डा और अनिल बलूनी के जन्मदिन पर गंगाजी में किया दुग्धाभिषेक

**जन्मदिन**

**8 डॉ. अग्रवाल ने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी को भी जन्मदिन पर बधाई दी।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी का भाजपा कार्यकताओं ने क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल की मौजूदगी में जन्मदिन मनाया। इस मौके पर मां गंगा में दुग्धाभिषेक कर उनके दीघार्यु जीवन की



कामना की गई। साथ ही मिष्ठान खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी गयी।
शनिवार को साईं घाट स्थित गंगा तट पर एकत्र कार्यकताओं से मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल और प्रेरक नेतृत्व में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है। वह कार्यकताओं से मिलकर उनकी राय लेते है, यही उनकी खासियत है।
डॉ. अग्रवाल ने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी को भी जन्मदिन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अनिल बलूनी का मार्गदर्शन सदैव उत्तराखंड को मिलता है, उनका मार्गदर्शन से राज्य को अनेक सौगातें मिली हैं इस मौके पर मंत्री डॉ. अग्रवाल ने माँ गंगा से नड्डा और बलूनी के सदा स्वस्थ और दीघार्यु रहने की भी कामना की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार सहित अन्य कार्यकताओं ने भी अपने विचार रखे।
इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता शाह, मडल अध्यक्ष महिला मोर्चा माधवी गुप्ता, मण्डल महामंत्री पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सती, जितेंद्र अग्रवाल, मनोज ध्यानी, चेतन शर्मा, राधे जाटव, अनिल ध्यानी, मेजर गोविंद सिंह रावत, रंजन अंथवाल, शशि मिश्रा, अविनाश भारद्वाज, मोहित, रोशन, कृष्णा, रवि, माहिर रवि कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइकों के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं में पर अंकुश लगाने और चोरी के मामलों के खुलासे के क्रम में एक वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चोरी की 9 बाइकें बरामद की हैं। कोतवाली नगर क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर संदिग्धता के आधार पर रोडीबेल वाला प्रशासनिक मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर युवक को मोटर साइकिल के साथ दबोचा।

# देवाल क्षेत्र के गांवों को रवाना हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ शनिवार को खंड विकास अधिकारी बीएस राणा व भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा ने बस स्टेंशन देवाल से गांव के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
यात्रा रथ देवाल से ईच्छोली, हाटकल्याणी, उलंगरा, काडेई, होते हुए ल्वाणी ताजपुर गांव पहुंचा।
गांव में गोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना



उज्जवला, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान, सबको पक्का घर, मुफ्त राशन, गौरा देवी कन्या धन, डिजीटल इंडिया सहित अनेक योजनाओं की जानकारी दी गई। गांव में योजनाओं का भौतिक सत्यापन के साथ योजनाओं से छूट गए पात्र व्यक्तियों का चयन किया गया और आवेदन भरे गए।
इस मौके पर खड विकास अधिकारी बीएस राणा, एडीओ कैलाश कुनियाल, राकेश नाथ, डीपीओ तारिक मियां, ग्राम विकास अधिकारी हेमा कोटेडी, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रदुमन बिष्ट, महिपाल बिष्ट आदि थे।

# 25वीं सब जूनियर और 36 जूनियर राष्ट्रीय रस्साकस्सी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के नामों की घोषणा



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
25वीं सब जूनियर और 36 जूनियर राष्ट्रीय टग ऑफ वॉर (रस्साकस्सी) प्रतियोगिता, महाराष्ट्र के लिए उत्तराखंड टग ऑफ वॉर टीम के नामों की घोषणा किए जाने के बाद टीम को रवाना किया गया। शनिवार को उत्तराखंड टग ऑफ वॉर खिलाड़ियों के नामों की घोषणा के साथ उनको ट्रेक शूट वितरित कर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजे सिंह नेगी, विशिष्ट अतिथि डीआईपीएस की प्रधानाचार्य डॉ. तनूजा पोखरियाल, एनजीए प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता शर्मा के नेतृत्व में उत्तराखंड टग ऑफ वॉर एसोसिएशन के महासचिव दिनेश पैन्यूली ने जीत की शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

# अमृता की मौत पर जिला अस्पताल में फूटा ग्रामीण का गुस्सा, परिजनों ने काटा हंगामा

**जन्मदिन**

**8 डॉ. अग्रवाल ने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी को भी जन्मदिन पर बधाई दी।**

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश के वंतन्तरा रेस्टोरेंट के बाद उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर कफलौं बेसिक होमस्टे में अमृता (अंजलि) का फांसी के फंदे से लटकता शव मिला। शुक्रवार को पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में रख दिया था। शनिवार को पोस्टमार्टम हो गया है।
इस दौरान नाबालिग की मौत का कारण जानने गांव-गांव से लोग अस्पताल के



बाहर जमा रहे। परिजनों के साथ ही ग्रामीणों को शक है कि अमृता (अंजलि) की हत्या की गई। इसके बाद शव फंदे से लटका दिया गया। इसको लेकर सीएमएस कार्यालय में ग्रामीणों ने जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और अमृता को न्याय दिलाने की मांग रखी।
शनिवार को क्षेत्र से महिलाएं, पुरुष और युवा अस्पताल में मौजूद हैं। सुबह युवाओं के एक शिष्टमंडल ने प्रभारी जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तत्काल कार्रवाई होगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।
पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है और होमस्टे के मालिक अनिल कुडियाल और कुक मैन को हिरासत में लिया है। पूछताछ में उन युवाओं ने क्या बताया, अभी इसको सार्वजनिक नहीं किया गया है। फिलवक्त सबको पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।
अस्पताल में गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान लोगों के बीच मौजूद हैं। प्रभारी डीएम तिरथ पाल सिंह,पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार उप जिलाधिकारी चतर सिंह, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा वीं एस रावत, डा. प्रेम पोखरियाल भी अस्पताल में ही हैं और अस्पताल को पुलिस ने पूरी तरह से घेर रखा गया है।
जिला अस्पताल में पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह रावत कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष राणा, जिला पंचायत सदस्य मनोज मिनान,पुष्पा चौहान, पवित्र राणा, ममता रावत आदि का कहना है कि फंदे से लटके शव के पैर जमीन को छूते हुए थे, जिससे इस बात की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि उसकी हत्या हुई है। ग्रामीण इसे आत्महत्या मानने को बिल्कुल तैयार नहीं हैं। सीओ अनुज कुमार ने बताया कि मामले में पीएम रिपोर्ट देखने के बाद ही आगे की कार्रवाई कि जायेगी।

निविदा सूचना
टेंडर नं. Dy.CE/GSU/MB/Publication/23 दिनांक 02.12.2023
... जो उसी दिन 15.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ... IREPS पोर्टल पर ... www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 14-GSU-MB-2023-24 |
| कार्य का नाम | Appointment of project supervision service agency (PSSA) for providing services for various projects under Gati Shakti Unit at Moradabad Division of Northern Railway |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक | 08.01.2024 |
| टेंडर क्लोसिंग समय | 15:00 |
| अनुमानित लागत | 4,60,82,967.94 |
| धरोहर राशि | 3,80,400.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 25.12.2023 |

3794/23

